JALAUN POLICE

दिनांक – 25.05.2026

पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक जालौन व भारी संख्या में पुलिस बल के साथ कोतवाली उरई क्षेत्र में पैदल गश्त/भ्रमण कर यातायात व्यवस्था का जायजा लेते हुए दुकानदारों/व्यवसायी बन्धुओं से जनसंवाद स्थापित कर उनकी सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया।

आज दिनांक 25.05.2026 को पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल के साथ कोतवाली उरई क्षेत्र में पैदल गश्त/भ्रमण किया गया। पैदल गश्त का प्रारम्भ कोतवाली उरई क्षेत्रान्तर्गत भगत सिंह चौराहा (मच्छर चौराहा) से किया गया जो घण्टाघर, माहिल तालाब तिराहा, सर्राफा, बजरिया होते हुए भगत सिंह चौराहा (मच्छर चौराहा) पर वापस आकर समाप्त हुआ। पैदल गश्त के दौरान दुकानदारों/व्यवसायी बन्धुओं से जनसंवाद स्थापित कर उनकी सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया तथा सड़क के किनारे दुकानदारों द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाने के लिए बताया गया। पैदल गश्त के दौरान क्षेत्र के ट्रैफिक कन्जेशन प्वाइंट का विशेष रूप से ध्यान देते हुए समुचित यातायात प्रबंधन सहित आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

उक्त पैदल गश्त/भ्रमण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक जालौन, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उरई, महिला थानाध्यक्ष सहित भारी संख्या में पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।